# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–28 मई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीस मई को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को देखने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज कानपुर पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल को देखा और जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियां की समीक्षा की। प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान खुर्जा सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्लांट, ओबरा थर्मल पॉवर स्टेशन और जवाहरपुर थर्मल पॉवर स्टेशन की पांच इकाइयों सहित हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा और साफ सफाई के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये।

**********

जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगुवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंचा। यह भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। इस बीच, सांसद संजय झा ने कहा है कि भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति है।

***सारी पार्टी एक साथ खड़ी हैं इस लड़ाई में। देश ने भी लोग मान लिया है इनफ–इज–इनफ हो गया। अब अगर इस तरह का घटना होगा तो हम केवल नोट एक्सचेंज नहीं करेंगे। इंफोरमेशन शेयर नहीं करेंगे। अग्रेंजी ...... यह एक रिजोल्व लेकर के गए हैं। दुनिया में भी हम लोग जाकर ये बता रहे हैं।***

शिवसेना के सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कांगो की यात्रा समाप्त कर सिएरा लियोन के लिए प्रस्थान किया। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में सभी दलों का संसदीय शिष्टमंडल रोम पहुंचा। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में पनामा पहुंचे भारतीय शिष्टमंडल ने वहां की संसद की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा के साथ बैठक की। वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चन्द्र पवार गुट की नेता सुप्रिया सुले के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल दक्षिण अफ्रीका पहुंचा।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उत्सव मनाते हुए, राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करता है। सशस्त्र बलों की श्रद्धांजलि स्वरूप आकाशवाणी समाचार सेवा प्रभाग विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इसी क्रम में हम सूबेदार जोगिंदर सिंह को स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

***1962 के भारत चीन युद्ध के दौरान सूबेदार जोगिंदर सिंह ने नेफा के तवांग सेक्टर में एक पलटन का नेतृत्व किया। 23 अक्तूबर की सुबह चीनियों की तीन टुकड़ियां जिसमें हर टुकड़ी में 200 सैनिक शामिल थे उन्होंने तोप और मोर्टार से एक बड़ा हमला किया। संख्या में कम होने के बावजूद भी सूबेदार सिंह की पलटन ने जबरदस्त जवाब देते हुए दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाकर उसे पीछे धकेल दिया। जब दुश्मन की ओर से अंतिम और सबसे शक्तिशाली हमला हुआ। तब सूबेदार सिंह के पास गोला बारूद समाप्त हो गया था और कुछ ही लोग बचे थे तब उन्होंने एक मशीन गन से दुश्मन पर वार कर उसे काफी नुकसान पहुंचाया। स्थिति और बिगड़ गई तो उन्होंने और उनके शीर्ष सैनिकों ने बेनट से दुश्मन पर हमला किया जिसमें दुश्मन के कई सैनिक मारे गए। उनके असाधारण साहस, नेतृत्व और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सूबेदार जोगिंदर सिंह को मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकेलन अख्तर, आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।***

**********

अयोध्या के श्रीराम मंदिर परिसर में प्रथम तल पर स्थापित राम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा समारोह दो जून से शुरू होगा, जो चार दिनों तक चलेगा। यह जानकारी आज श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यक्रम पांच जून को सुबह ग्यारह बजे से होगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। इससे पहले तीन और चार जून को भी सुबह साढ़े छह बजे से बारह घंटे तक प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन होगा।

**********

वाराणसी जिले में कोविड के दो नये मरीज मिले हैं। वहां के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने बताया कि दोनों मरीज हाल ही में दूसरे प्रदेशों का भ्रमण कर चुके हैं। होम आइसोलेशन में उनका इलाज जारी है।

**********

पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित सभी जिलों में उमस भरी भीषण गर्मी पड़ रही है। धूप और नमी के मेल से रिकॉर्ड तापमान से अधिक की गर्मी का एहसास हो रहा है। इसके चलते लोगों का जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। उधर, मौसम विभाग अगले अड़तालीस घंटे में तेज आंधी के साथ गरज–चमक के बीच हल्की से मध्यम वर्षा का पूर्वानुमान जता रहा है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां तैयार हो चुकी हैं। वर्षा होते ही तापमान में गिरावट आयेगी और लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ दिन के लिये राहत मिलेगी।

**********